हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 16 नवंबर 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



## शिविर में रक्तचाप के 35, शुगर के 22 मरीज मिले

**मगरलोड।** खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड डॉ. शारदा ठाकुर के दिशा- निर्देश पर ग्राम पंचायत डूमरपाली में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसदा एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर धौराभाठा के स्वास्थ्य दल द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ जनपद सदस्य श्रीमती तिलोत्तमा साहू ने किया। इस शिविर में कुल 110 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। 2 वय वंदन कार्ड, 12 आयुष्मान कार्ड एवं 15 लोगों की आभा आईडी बनाई गई। जांच के दौरान रक्तचाप के 35, शुगर के 22 मरीज पाए गए जिनका समुचित इलाज किया गया। 55 लोगों का ब्लड टेस्ट किया गया, जिसमें 15 व्यक्ति रक्त अल्पता से ग्रसित पाए गए, जिनका इलाज किया गया। इस अवसर पर 42 लोगों की नेत्र जांच की गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसदा के सेक्टर प्रभारी हुनेंद्र साहू ने मौसमी बीमारियों से बचाव, संतुलित पोषण आहार लेने की सलाह दी।

### पंचायत प्रस्ताव कर पूरी तरह से उन्हारी लगाने का सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय

# ग्राम खपरी चला परिवर्तन की राह पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम पंचायत खपरी पूर्ण फसल चक्र परिवर्तन की राह पर चल पड़ी है। संभवतः यह जिले का पहला गांव है, जहां इस साल पंचायत प्रस्ताव कर उन्हारी फसल लगाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए बैठक में उपस्थित सभी किसानों ने सर्वसम्मति से स्वीकृति दी है। जिला प्रशासन की पहल पर पूरे जिले में फसल चक्र परिवर्तन की लहर चल रही है। इसके बाद भी कई किसान धान की खेती का मोह नहीं छोड़ पा रहे हैं। ग्राम खपरी में भी यही स्थिति थी। यहां पर अधिकांश किसान चना, गेहूं, सूरजमुखी, सरसों सहित अन्य फसल लगाने के मूड में हैं, लेकिन कुछ किसान समय और खेतों की स्थिति को देखते हुए इस रबी में फिर से धान लगाने की तैयारी में थे। सभी किसानों में सामंजस्य बनाने के लिए सरपंच रामरोशन ध्रुव की पहल पर शुक्रवार को ग्राम पंचायत में किसानों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी किसानों की बातों को गंभीरता से सुना गया। कई किसानों ने चने की खेती को लेकर समस्या बताई। उनकी समस्या का यथासंभव समाधान करने का आश्वासन दिया गया। सभी किसानों ने अततः फसल चक्र परिवर्तन करने पर हामी भरी। इस निर्णय का पंचायत प्रस्ताव भी किया गया। इस निर्णय को लेकर बकायदा गांव में मुनादी भी कराई गई।




### बीज की होगी व्यवस्था

किसानों के लिए बीज की पर्याप्त व्यवस्था करने की तैयारी चल रही है। सहकारी समितियों में बीज महंगे दाम में उपलब्ध है। किसानों को सब्सिडी में बीज उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं बाईपास से लगे खेतों में प्रदर्शन के लिए मुफ्त में बीज वितरण किया गया है। कई किसानों ने पर्याप्त मात्रा में बीज रखा हुआ है, इसे भी किसानों को उपलब्ध कराने की तैयारी चल रही है।

किसी किसान को नुकसान न उठाना पड़े, इसके लिए ग्राम पंचायत और ग्रामीण समिति द्वारा उन्हारी फसल को लेकर गाइडलाइन भी तैयार की जा रही है।

### कृषि विभाग का रहा योगदान

इस गांव में फसल चक्र परिवर्तन को लेकर कृषि विभाग द्वारा पिछले दो तीन साल से प्रयास किया जा रहा है। इस रबी में विभाग ने ग्राम खपरी को पूर्ण फसल चक्र परिवर्तन करने वाला गांव बनाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी। दो दिन पहले उपसंचालक कृषि मोनेश साहू, एफएल पटेल सहित अन्य अधिकारियों ने किसानों की बैठक लेकर समझाइश दी। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भाग्यश्री गुप्ता लगातार किसानों से संपर्क करती रही, जिसका सार्थक परिणाम सामने आया है। शुक्रवार की बैठक में भी श्रीमती गुप्ता ने किसानों से बीज की डिमांड भी ली। स्प्रिंकलर पाइप के लिए प्रकरण तैयार किया।

## बिरसा मुंडा जयंती पर जनजागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

**16 सूत्रीय मांगों को लेकर आदिवासी समाज सौंपेगा ज्ञापन**

आदिवासी अस्मिता, संवैधानिक अधिकार और पहचान बनाए रखने के लिए 15 नवंबर को सर्व आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ के बैनरतले प्रदेशस्तरीय जन जागरूकता अभियान और प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश भर में सभी तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा जाना है। पदाधिकारियों ने बताया कि 15 नवंबर को सर्व आदिवासी समाज अपनी 16 सूत्री मांगों को लेकर सभी तहसील मुख्यालयों में महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा जिसमें 32 प्रतिशत आरक्षण, बैकलॉग भर्ती, निर्दोष आदिवासियों की हत्या का उचित न्याय, जनजातीय आरक्षित विधानसभा एवं लोकसभा सीटों में वृद्धि, पांचवीं अनुसूची क्षेत्र की सभी सीट आरक्षित हो, ढाई लाख आय सीमा को समाप्त करें, प्रदेश के स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती शीघ्र करें, पेसा के मूल नियम का पालन हो और ग्राम सभा को पूर्ण अधिकार दिया जाए सहित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई और कुरूद तहसील अध्यक्ष ललित ठाकुर ने सामाजिक बंधुओं से उपस्थिति की अपील की है।

## अधिवक्ताओं की शक्ति ने रचा नया इतिहास



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक परिषद चुनाव में अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने शानदार विजय दर्ज करते हुए सदस्य पद पर कब्जा किया। इस उल्लेखनीय जीत के बाद 14 नवंबर को उन्होंने शहर में आभार रैली निकाली। अधिवक्ताओं, सामाजिक संगठनों और अनेक समुदायों ने पूरे उत्साह से उनका स्वागत किया। आभार यात्रा जैसे-जैसे शहर में आगे बढ़ी, विभिन्न स्थानों पर स्वागत का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा था। जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने गर्मजोशी से अभिनंदन किया। मकई चौक में पूर्व विधायक लेखराम साहू के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने स्वागत किया। सिहावा चौक में महापौर की टीम ने सम्मान दिया। शिवाजी नगर के पास नागरिकों ने, कर्मा चौक में साहू समाज ने, बिलाई माता मंदिर परिसर में किसान संघ ने तथा घड़ी चौक में ओबीसी संयोजन संघ के सदस्यों ने स्वागत किया। गोल बाजार में मुस्लिम समाज ने पुष्पमालाओं के साथ अभिनंदन किया।

अपने संबोधन में श्री साहू ने कहा कि यह जीत मेरे व्यक्तिगत प्रयास की नहीं, पूरे अधिवक्ता समाज की सामूहिक शक्ति की जीत है। उन्होंने कहा कि विधि व्यवसाय केवल पेशा नहीं, बल्कि समाज और न्याय के बीच की मजबूत कड़ी है। अधिवक्ता शब्दों से नहीं, बल्कि अपने आचरण व कर्तव्यनिष्ठा से पहचान बनाते हैं। इसी आत्मीयता ने उन्हें इस ऐतिहासिक जीत तक पहुंचाया।

श्री साहू ने कहा कि युवा अधिवक्ता विधि जगत का भविष्य है। इसलिए वे परिषद में युवा अधिवक्ता प्रोत्साहन मंच बनाने का प्रस्ताव लाएंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता युवा साथियों को मेंटॉर करेंगे। डिजिटल ट्रेनिंग व लॉ वर्कशॉप उपलब्ध कराई जाएगी। स्टार्टअप सहायता व प्रारंभिक वित्तीय सहयोग दिया जाएगा। आगे कहा कि परिषद में उनकी प्रमुख प्राथमिकताएं होंगी। अधिवक्ता कल्याण कोष को समयबद्ध और पारदर्शी बनाना है।

## श्री गोपाला हॉस्पिटल में मनाया गया बाल दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

श्री गोपाला हॉस्पिटल धमतरी में इस वर्ष बाल दिवस हर्षोल्लास और रंगारंग गतिविधियों के साथ मनाया गया। अस्पताल परिसर बच्चों की चहलपहल, हंसी और उत्साह से भरा रहा। कार्यक्रम में अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. सीएल. साहू वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अभिषेक गोयल, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. भारती केशवानी, डॉ. रिया नैनानी, डॉ. भूमिष्का सहित नर्सिंग स्टाफ और प्रबंधन टीम उपस्थित थी। अस्पताल के एचआर मैनेजर गजेन्द्र जोशी, मैनेजर दिकेश कुमार देवांगन तथा उनकी टीम ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर डॉ. सीएल साहू ने कहा कि बच्चे सिर्फ परिवार की नहीं, समाज की धरोहर होते हैं। उनकी मुस्कान ही सबसे बड़ा उपहार है। श्री गोपाला हॉस्पिटल बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा के लिए हमेशा गुणवत्ता और संवेदनशीलता के साथ सेवाएं देता रहेगा। उन्होंने माता–पिता से कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और पोषण पर नियमित ध्यान देना आवश्यक है। अपने संबोधन में डॉ. अभिषेक गोयल ने कहा किक प्रत्येक बच्चा अनगिनत संभावनाओं का भंडार है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम उन्हें सुरक्षित, स्वस्थ और सकारात्मक वातावरण दें। श्री गोपाला हॉस्पिटल में बाल स्वास्थ्य जागरूकता, डिजिटल चेकअप सिस्टम और टीकाकरण सेवाओं को और सुदृढ़ किया जाएगा।

इस दौरान बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियां, खेल और स्वास्थ्य जागरूकता सेशन का आयोजन किया गया । मनोरंजक खेल, रंगचित्र गतिविधियां गुड हैबिट्स एक्सरसाइज हेल्थ अवेयरनेस सेशन का आयोजन किया गया। डॉक्टरों ने बच्चों के साथ खेलकर उनका उत्साह बढ़ाया। बच्चों को उपहार और मिष्ठान भी वितरित किए गए।




हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 16 नवंबर 2025

12 महापुरुषों के आदर्श आज भी पथप्रदर्शक: चंद्राकर



13 धान बेचने आए किसानों का आत्मीय स्वागत





## खबर संक्षेप



### सहकारी बैंक कर्मचारियों ने हड़ताल किया स्थगित

**जगदलपुर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ जगदलपुर सहित पूरे प्रदेश के सहकारी बैंक कर्मी 17 नवंबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर जाने की तैयारी में थे। देर शाम आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। शनिवार की शाम साढ़े 6 बजे कर्मचारी संघ ने आधिकारिक रूप से अपना आंदोलन स्थगित करने का आदेश जारी कर दिया। लिखित आश्वासन के बाद आंदोलन को स्थगित किया गया। कर्मचारी संघ के अनुसार सहकारिता मंत्री से हुई भेंट के दौरान सुप्रीम कोर्ट, दिल्ली में लंबित पिटीशन के निर्णय आने के 15 दिनों के भीतर वेतनवृद्धि एवं डीए भुगतान का लिखित आश्वासन प्रदान किया गया। यह आश्वासन संयुक्त पंजीयक, सहकारिता विभाग द्वारा जारी पत्र के माध्यम से मिला।

### ज्योति कलश भवन के लिए भूमिपूजन आज

**जगदलपुर।** कल रविवार को दोपहर 12 बजे शहर के मावली माता मंदिर में ज्योति कलश भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के विधायक निधि के राशि से निमार्ण कार्य किया जायेगा।

# अखिल भारतीय फुटबाल स्पर्धा के प्रथम मुकाबले में ओडिशा ने दर्ज की जीत

## बेंगलुरू को 4-2 से पराजित किया, विधायक ने स्पर्धा का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला फुटबाल संघ के तत्वाधान सिटी ग्राउंड में आयोजित अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव व अन्य अतिथियों की मौजूदगी में किया गया। स्पर्धा का पहला मुकाबला बेंगलुरू विरूध ओडिशा के मध्य खेला गया जिसमें ओडिशा ने बेगंलूरू को दो के मुकाबले चार गोल से पराजित किया। स्पर्धा का शुभारंभ दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस दौरान महापौर संजय पाण्डे व जिला फुटबाल संध अध्यक्ष राणा घोष के अलावा संग्राम सिंह राणा, राजेश राव, यशवर्धन राव, दिलीप दास, दंतेश्वर राव एवं फुटबॉल संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे। बेंगलुरू की ओर से पहला गोल जर्सी नम्बर 10 संदीप ने 23 मिनट में तथा जर्सी नम्बर 12 राकेश ने मैच के 69 वें मिनट में किया। इसके मुकाबले में ओडिशा चित्रकोट की ओर से जर्सी नम्बर 14 आनंद ने अपनी टीम के लिए पहला गोल मैच के 16 वें मिनट में किया वहीं स्टार खिलाड़ी जर्सी नम्बर 17 पप्पू मांझी ने मैच के 30, 34 व 84 वें मिनट में तीन गोल किया।



### दूसरे दिन रविवार को तीन मैच खेले जाएगें

मैच कमिश्नर विश्वजीत भट्टाचार्य की मौजूदगी में आयोजित पहले मुकाबले में मुख्य निर्णायक रविन्द्र के अलावा प्रफुल्ल, नितेश व अजीत रहे। मैच कमिश्नर विश्वजीत भट्टाचार्य ने बताया कि स्पर्धा के दूसरे दिन रविवार को तीन मैच खेले जाएगें। पहला मुकाबला सुबह 8 बजे से एनएचसी दंतेवाड़ा विरूध गत वर्ष की विजेता रही तमिलनाडू पुलिस के मध्य होगा वहीं दूसरा मुकाबला दोपहर एक बजे विशाखापटनम विरूध डीएएफ बस्तर तथा तीसरा मुकाबला पंजाब विरूध चक्रधरपुर झारखण्ड के मध्य खेला जाएगा।

## विडंबना : पर्यावरण प्रस्ताव को निरस्त किया जाए

# लौह अयस्क परियोजना के लिए बिना अनुमति कटे 5000 पेड़ और हैं युवक रोजगार से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मेसर्स गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड रायपुर द्वारा आरीडोंगरी आइरन ओर (लौह अयस्क) परियोजना के माइनिंग पट्टा, क्षेत्र के विस्तार के लिए कांकेर जिले अंतर्गत भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम कच्छी में किया जाएगा। इसके लिए बिना अनुमति के 5000 पेड़ काटे गए और स्थानीय युवाओं को रोजगार भी नहीं दिया, इसलिए परियोजना के लिए प्रस्तुत पर्यावरण प्रस्ताव को निरस्त किया जाए। यह बातें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महासचिव पं. उमाशंकर शुक्ला एवं पूर्व सदस्य सतीश तिवारी ने शनिवार को पत्रकार भवन में पत्रवार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि परियोजना स्थानीय निवासी को रोजगार नहीं देते न ही आसपास के गांव में बुनियादी संरचना विकसित करने में कोई सहयोग दिया जाता है। ऐसी स्थिति में कम्पनी द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावित पर्यावरण स्वीकृति की मंगा पर्यावरणीय एवं भौगौलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए निरस्त किया जाए। कम्पनी द्वारा राज्य शासन एवं पर्यावरण विभाग को दिये गये लिखित आश्वासन का उल्लंघन किया गया है। हजारों की संख्या में इमारती, फलदार वृक्ष एवं अन्य उपयोगी वृक्षों की अन्धाधुन्ध कटाई की गई है तथा दिये गये लिखित आश्वासन के विकल्प में वृक्षारोपण की बाध्यता होने के बावजूद कोई वृक्ष नहीं लगाया है।




### ध्वनि प्रदूषण का संकट और बढ़ेगा

नेता द्वय ने कहा कि कम्पनी द्वारा प्रस्तावित परियोजना में खनन की प्रक्रिया में मशीनों द्वारा ड्रीलिंग एवं ब्लास्टिंग करने का लेख है। मशीनों की ड्रीलिंग एवं हैवी ब्लास्टिंग से वन क्षेत्र में विचरित वन्य जीवों, पशु पक्षियों पर तेज आवाज से ध्वनि प्रदूषण होगा। वन्य प्राणी एवं पशु पक्षी आतंकित होकर वन क्षेत्र छोडकर अन्यत्र भागेंगे जिससे सम्पूर्ण वन क्षेत्र में अशांत वातावरण व्याप्त होगा। हैवी ब्लास्टिंग एवं डस्ट से वन क्षेत्र के पेड़ एवं पौधों को भारी नुकसान होगा। परियोजना प्रस्ताव के अनुसार उपलब्ध खनिज की मात्रा 1145 मिलियन टन है जो सीमित मात्रा में केवल 8 वर्ष के लिए है खनिज का कोई बड़ा भण्डार नहीं है। इसके लिए चारों ओर से आच्छादित पूरे आरक्षित वन क्षेत्र को नुकसान पहुंचाने की तैयारी कर ली गई है। कम्पनी की परियोजना लागत केवल 8.76 करोड़ है, जिसके लिए पूरे आरक्षित वन क्षेत्र विस्तारकर खनन करने के लिए दिया जाना उचित नहीं है।

# 60 हजार का गांजा बरामद सप्लायर पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- नशे के सौदागरों के खिलाफ बोधघाट पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई लगातार जारी है। बोधघाट पुलिस ने शनिवार को भी एक ऐसे सप्लायर को गिरफ्तार किया है जो शहर के युवाओं को गांजा की सप्लाई किया करता था। इसके कब्जे से 60 हजार रूपए से अधिक का गांजा बरामद किया गया है। शहर के अलग अलग इलाकों के युवाओं को गांजा बेचे जाने की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था।

टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान में जाकर घेराबंदी कर संदेही को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम देवेंद्र वासवानी 29 वर्ष निवासी कुम्हारपारा जगदलपुर का रहने वाला बताया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 6.980 किग्रा मादक पदार्थ गांजा कीमत 60 हजार 980 रूपए आंका गया है। मामले में आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी गांजा सप्लायर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। आरोपी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई ललित नेगी, लोकेश्वर नाग, एएसआई सुजाता नायडू, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, सुनील मनहर, बलराम कश्यप, आरक्षक होरीलाल आर्मो, युवराज, थानेन्द्र सिन्हा, विजय तिर्की व अजित सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।





# मुख्यमंत्री का एयरपोर्ट में आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का मां दंतेश्वरी हवाई अड्डे पर प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव, वन मंत्री केदार कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप , विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉर्पोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, वन औषधि बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम, छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी, महापौर संजय पांडेय, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप सहित आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने आत्मीय स्वागत किया।

# वंदे मातरम्... गायन की गढ़िया स्कूल में गूंजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक वर्ष तक चलने वाले स्मरणोत्सव का लोहंडीगुड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़िया स्थित प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला परियागुडा में स्कूली छात्र-छात्राओं शिक्षक, शिक्षकों के साथ गाया गया। सरपंच भरत कश्यप ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ. रहा है। हमारा सौभाग्य है कि इस समय के दौर को हम देख रहे हैं और इसमें शामिल भी हो पा रहे हैं। इस दौरान सावेंद्र सेठिया, रामेश्वर बघेल, शिक्षिका रमनी मौर्य सहित अन्य ग्रामवासियों उपस्थित थे।

### तेग बहादुर शहीदी दिवस पर आज निकलेगी यात्रा

**जगदलपुर।** हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित शहीदी यात्रा 16 नवंबर को निकलेगी । प्रातः 8 बजे गुरुद्वारा शांति नगर से प्रारंभ होकर गुरु गोविंद सिंह चौक, संजय बाजार गुरुद्वारा, मोती तालाब पारा और गुरु नानक चौक होते हुए कोतवाली पहुंचेगी। कोतवाली से आगे यात्रा वाहनों के माध्यम से कोंडागांव होते हुए फरसगांव गुरुद्वारा पहुंचेगी जहां समापन होगा।




## ऑनलाइन टोकन प्रक्रिया बंद, किसान परेशान

# ब्लॉक कांग्रेस ने नगरनार का निरीक्षण कर जताया विरोध, प्रदर्शन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगरनार ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष सेठिया के नेतृत्व में आज पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने ग्राम पंचायत मारकेल बिरसागुड़ा, नगरनार,गारावंड, सेमरा और पल्ली में धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। जिसमें धान खरीदी और ऑनलाइन टोकन काटने की व्यवस्था बंद पाया गया। जिसको लेकर विरोध जताया गया।

अध्यक्ष संतोष सेठिया ने बताया कि धान खरीदी केंद्रों पर धान खरीदी शुरू होनी थी पर धान खरीदी बंद होने और टोकन नहीं कटा। उन्होंने किसान विरोधी सरकार होने का आरोप लगाते कहा क्ि कई दिनों से सहकारी समितियों के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल में है। परन्तु सरकार ने उनकी मांगों को अनसुना कर दिया जिससे आज धान की खरीद और टोकन जारी करने की प्रक्रिया रुकी हुई है और जिसके कारण किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । अगर धान खरीदी का कार्य शुरू नहीं हुआ तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।



**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान लेखन बघेल, दयाराम कश्यप, सूर्यनारायण,राजेश कश्यप,बलराम कोकडू, भोजराज धरम, सुकलधर, लक्ष्मीनारायण, मुकुन्द राम दिलीप सेठिया, कमल नाग, घनश्याम महापात्र, शिव प्रसाद, संजय, मंगल साय बघेल, लीमसर बघेल,कुरसो बेसरा, ललित, तिलक,महादेव रामचन्द्र रामु सूर्यवंसी भारत कश्यप देवीसिंग बाज नन्दो बघेल तुसेल बघेल बालकराम गणेश सेठिया सोनाधर रामधर तीता राम सोहन सीता राम राजेन्द्र नाथ मोहन लाल मौजूद रहे।

# चालकों की सुविधा के लिए शीघ्र बनेगा संभाग का पहला ई-ट्रैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परिवहन विभाग की ओर से बस्तर जिले के गरावंडकला में ई-ट्रैक बनेगा, जो बस्तर संभाग का पहला ई-ट्रैक रहेगा। इसके लिए निर्माण कार्य का हाऊसिंग बोर्ड ने टेंडर

■ कार्यादेश होने के बाद दिसंबर के प्रथम सप्ताह में शुरू होगा निर्माण कार्य

किया है, जिसका ठेकेदार से कार्यादेश होने के बाद दिसंबर के प्रथम सप्ताह में ई-ट्रैक का निर्माण कार्य शुरू होगा। हाल ही में हाऊसिंग बोर्ड प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एचके वर्मा, उपायुक्त जीपी प्रजापति, कार्यपालन अभियंता एमके सोम ने ग्राम गरावंडकला के ई-ट्रैक स्थल का निरीक्षण किया।

विदित हो कि भारत सरकार सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली एवं सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में जिले में मोटरयानों के निरीक्षण एवं प्रमाणन सेंटर तथा ऑटोमेटिक ड्रायविंग परीक्षण प्रणाली (ई-ट्रैक) स्थापित किया जाएगा।

## हाऊसिंग बोर्ड के अपर आयुक्त की टीम ने ई-ट्रैक स्थल का किया निरीक्षण

### ठेकेदार को दिए निर्देश

हाऊसिंग बोर्ड प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिया कि शीघ्र ही ई-ट्रैक का निर्माण कार्य शुरू करें, जिससे चालकों को लायसेंस के लिए टेस्ट दे सकें।

### चालकों को मिलेगी राहत

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि ई-ट्रैक बनने से चालकों को राहत मिलेगी। इससे सेंसर आधारित नई ड्राइविंग टेस्ट व्यवस्था में जिन्हें चार पहिया या दोपहिया वाहन चलाना आता है, वे ही पास कर पाएंगे और उन्हें ही लाइसेंस जारी किया जाएगा।



### दो बार निरस्त हुआ था

बताया जा रहा है कि बस्तर संभागीय मुख्यालय में ई-ट्रैक निर्माण के लिए परिवहन विभाग ने सबसे पहले आड़ावाल में भूमि चयनित किया पर ग्राम पंचायत ने उस भूमि को खेल मैदान स्वीकृत किया। उसके बाद विभाग ने सरगीपाल में ई-ट्रैक के लिए भूमि चयनित किया पर वह भूमि छोटे-बड़े जंगल होने से यह भूमि निरस्त हो गई, अब परिवहन विभाग ने जिले के गरावंडकला में भूमि चयनित किया।

## खबर संक्षेप

### नन्हे-मुन्ने बच्चों के किरदार ने मन मोहा



जगदलपुर। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को बाल दिवस का भव्य एवं हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य शैलेश कुमार द्वारा किया गया। पूरे विद्यालय प्रांगण में आनंद, उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने योग्य था। इस उपलक्ष्य में नर्सरी से लेकर कक्षा पांचवीं तक के बच्चों के लिए आकर्षक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न किरदारों की सजीव प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। साथ ही बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक इनडोर एवं आउटडोर खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रहा आनंद मेला, जिसका आयोजन बड़े बच्चों द्वारा किया गया। मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉल, खेल व गतिविधियां अत्यंत मनोहारी एवं आकर्षक रहीं, जिनका आनंद बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने भरपूर लिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने फैंसी ड्रेस, आनंद मेलाएवं खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### बच्चों ने लिखे निबंध और बनाई पेंटिंग



जगदलपुर। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तोकापाल में जनजातीय गौरव दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यालय परिसर के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। 1 से 15 नवम्बर तक बच्चों ने जनजातीय संस्कृति एवं गौरव के संरक्षण और संवर्धन के लिए निबन्ध-लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, कहानियां, जनजातीय लोकगीत, पेंटिंग, लोकनृत्य, प्रश्नोत्तरी, पारम्परिक परिधान प्रदर्शन, नाटक, भाषण स्पर्धा, वाद्ययंत्र-वादन, कविता वाचन, जन-जागरण पद यात्रा एवं विविध क्रीडा-स्पर्धा में प्रस्तुतियां दीं। प्राचार्य मुकेश कुमार सैनी ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर संस्कृति के साथ विकास के माध्यम से आधुनिकता के साथ-साथ आदिवासी संस्कृति को भी जीवन में आत्मसात करते हुए आगे बढ़ने तथा आदिवासी समुदाय के आदर्शों और महापुरुषों के सिद्धान्तों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

### अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह प्रारंभ

जगदलपुर। 72 वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का शुभारंभ संभागीय कार्यालय में विवेकानंद झा सहायक सहकारी शिक्षा अधिकारी ने ध्वाजारोहण कर किया। मुख्य विषय परिचालन दक्षता जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सप्ताह के दौरान सहकारी चिंतन मनन हेतु गोष्ठी सभाओं का आयोजन करने की अपील सहकारी संस्थाओं से किया गया। कार्यक्रम को संघ के वरिष्ठ प्रशिक्षक विवेक पांडे ने जानकारी प्रदान की।

## शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में विचार संगोष्ठी

# महापुरुषों के आदर्श आज भी पथप्रदर्शक: चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान अध्ययनशाला द्वारा छत्तीसगढ़ के महापुरुष के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं कुलसचिव डॉ राजेश लालवानी के मार्गदर्शन में शुरुआत छत्तीसगढ़ी राज्य गीत अरपा पैरी के धार से हुई। मुख्य

■ छत्तीसगढ़ की धरती महान विभूतियों की जन्मभूमि रही है

वक्ता के रूप में दुर्गा महाविद्यालय रायपुर के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुभाष चंद्राकर उपस्थित रहे।

अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती ऐसी महान विभूतियों की जन्मभूमि रही है, जिन्होंने सामाजिक न्याय, समानता और बंधुत्व की राह दिखाई। उन्होंने वीर नारायण सिंह,पं सुंदरलाल शर्मा,ठाकुर प्यारेलाल सिंह,डॉ खूबचंद बघेल,स्वामी आत्मानंद,राजा प्रवीरचंद्र भजंदेव एवं गुंडाधुर के योगदान को रेखांकित किया। स्वामी आत्मानंद के नारायणपुर प्रवास का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि आदिवासी बाजार की दयनीय स्थिति देखकर उन्होंने वस्तु-विनिमय केंद्र की स्थापना कर जनसेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।

छत्तीसगढ़ की सामाजिक-सांस्कृतिक परंपरा सदैव समरसता और मानवता की प्रतीक रही है। यहाँ के महापुरुषों ने समानता, न्याय और नैतिक मूल्यों को अपने कर्म के केंद्र में रखा। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देते हैं और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। ऐसे विमर्श युवाओं को अपने इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हैं, जिससे राष्ट्र निर्माण का मार्ग और मजबूत होता है ।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान डॉ दुर्गेश डिक्सेना,डॉ रविन्द्र कुमार,डॉ राकेश कुमार खरवार,डॉ अनीता कुर्रे,देवेन्द्र कुमार, सुश्री पूजा ठाकुर, प्रेमजीत निराला सहित विभिन्न संकायों के प्राध्यापक उपस्थित रहे। बीए एवं एमए राजनीति विज्ञान अध्ययनशाला के नूतन भारती,सुहाग कुंजम,विनीता नागेश,साक्षी नायक,सुकरी कश्यप,भास्कर कबीर,गुड्डी राम,चंद्रिका,दिनेश मांडवी,सुमित्रा बघेल,कमली महेश्वरी सहित सभी अध्ययनशालाओं के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

### छग की विचारधारा विश्व मानवता के लिए भी प्रेरक

बिलासपुर से आए प्राचार्य प्रो डॉ एसएन निराला ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संत परंपरा और समाज सुधार आंदोलन ने देश-दुनिया को मानवता और एकता का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि यह विचारधारा वैश्विक समाज के लिए भी प्रेरणादायी है। प्रो मणि शंकर मिश्रा ने कहा कि ऐसी संगोष्ठियां विद्यार्थियों को अपने महापुरुषों के जीवन,संघर्ष और मूल्य परंपरा को समझने का सशक्त माध्यम हैं।

### स्वागत एवं परिचय उद्बोधन

डॉ समीर ठाकुर ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती महान विभूतियों की कर्मभूमि रही है जिनके आदर्शों को आत्मसात करना आज की जरूरत है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ सियालाल नाग ने मुख्य वक्ताओं का परिचय प्रस्तुत किया। सह-समन्वयक पूर्णेन्द्र कुमार मिर्धा ने भी छत्तीसगढ़ के महापुरुषों पर अपने विचार व्यक्त किए। संचालन छात्रा धर्मी ठाकुर ने किया।

## पहले दिन दो किसानों ने बेचा धान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए बस्तर जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन प्रारंभ हो गई है। बस्तर में 79 धान खरीदी केंद्र स्थापित किए गए हैं जहां 48,536 पंजीकृत किसानों से लगभग 3 लाख 11 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है।

पहले दिन 15 नवम्बर को दो किसानों ने धान विक्रय करने के लिए

■ जिले के 48 हजार किसानों से 3 लाख मीट्रिक टन खरीदी का लक्ष्य

टोकन कटवाया और इन दोनों किसानों ने धान खरीदी केन्द्र पल्ली में 38 क्विंटल धान का विक्रय किया। किसानों से 31 जनवरी तक धान खरीदी की जाएगी। 3100 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। किसानों को प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल धान बेचने की सहूलियत होगी। धान उपार्जन कार्य की मॉनिटरिंग के लिए राजस्व, खाद्य, सहकारिता विभाग तथा मंडी बोर्ड के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं सीमावर्ती क्षेत्रों से अवैध धान की आवक को रोकने के लिए जांच चौकी स्थापित करने सहित सतत निगरानी के लिए कर्मचारियों की रोस्टर अनुसार ड्यूटी लगाई गई है। धान खरीदी केन्द्रों में बारदाने की उपलब्धता सहित अन्य व्यवस्था किया गया है। धान की खरीदी अनिवार्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र के माध्यम से की जाएगी। विक्रय किए गए धान का भुगतान किसानों को सीधे उनके बैंक खातों में डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। बारदानों की व्यवस्था में नवीनता लाते हुए खरीदी 50 प्रतिशत नए और 50 प्रतिशत पुराने बारदानों में होगी।

### तुंहर टोकन मोबाइल ऐप का उपयोग

किसानों को टोकन प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए तुंहर टोकन मोबाइल ऐप का उपयोग किया जा रहा है। किसान सुबह 8 बजे से टोकन जारी कर सकते हैं। छोटे और सीमांत किसानों के लिए अधिकतम 2 टोकन और बड़े किसानों के लिए अधिकतम 3 टोकन की सीमा तय की गई है। खरीदी केवल एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीकृत किसानों से ही की जाएगी। जिसमें वन अधिकार पट्टाधारकों को पंजीयन में छूट दी गई है।

## योग आयोग अध्यक्ष का बस्तर प्रवास आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कल 16 से 18 नवंबर तक योग आयोग के प्रदेश अध्यक्ष रूप नारायण सिंह केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त होने के पश्चात प्रथम बार तीन दिवसीय बस्तर प्रवास पर रहेंगे। उनके साथ कबीर पंथ के प्रमुख महाराज देवकर साहब, मदकूदीप के महाराज के राम रूप दास तथा आर्य समाज, पतंजलि, गायत्री परिवार के प्रमुख भी रहेंगे। 16

■ दंतेवाड़ा में 10 दिवसीय योग शिविर का 17 को करेंगे शुभारंभ

नवंबर को रायपुर से कांकेर के लिए प्रातः रवाना होंगे ।

सुबह 9:30 बजे चारामा में भारत माता चौक पर योग साधकों एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया जाएगा। तत्पश्चात कांकेर सर्किट हाउस में योग साधकों, कार्यकर्ताओं एवं समाज व्यवस्था संगठन के बंधु के द्वारा मुलाकात एवं बैठक कर जगदलपुर होते हुए मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा के लिए रवाना होंगे। 17 नवंबर को छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा राज्य के योग प्रचार प्रसार, स्वस्थ, निरोगी जीवन शैली अपनाने तथा स्वास्थ्य के प्रति आमजनों में जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगातार कार्यक्रम किए जाएंगे।

प्रतिदिन नियमित योगाभ्यास को दिनचर्या में अपने एवं दूसरों को भी इस हेतु प्रेरित करने आदिवासी बहुल क्षेत्र दंतेवाड़ा में दस दिवसीय जिला स्तरीय योग प्रशिक्षण शिविर 17 से 26 नवंबर का शुभारंभ करेंगे।

## नक्सल पीड़ित विद्यार्थियों के साथ न्योता भोज में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




जगतु माहरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अपनी गौरवशाली 100 वर्ष की यात्रा का साक्षी बनने जा रहा है। स

कूल शिक्षा विभाग, जिला प्रशोसन, नगर निगम और लोक निर्माण विभाग के संयुक्त प्रयास से 17 नवंबर से तीन दिवसीय शताब्दी समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें 1958 से लेकर वर्तमान शिक्षा सत्र के विद्यार्थी सम्मिलित होकर विद्यालय की विरासत को नया आयाम देंगे।शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। वे विद्यालय में स्मार्ट क्लास का लोकार्पण और स्मारिका का विमोचन करेंगे। उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।प्रेसवार्ता में संयोजक एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष राकेश तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी बी आर बघेल और प्राचार्य बी. एस रामकुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री सहित सभी विशिष्ट अतिथि विद्यालय में अध्ययनरत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के पीड़ित विद्यार्थियों के साथ न्योता भोज में सहभागी होंगे। शताब्दी वर्ष को भव्य स्वरूप देने में पूर्व छात्र एवं विधायक किरण देव का प्रमुख योगदान है। उनके प्रयासों से विद्यालय के उन्नयन हेतु 3 लाख रुपये स्कूल शिक्षा विभाग से स्वीकृत हुई है।

### सम्मान, मिलन और संस्कृति का उत्सव

प्राचार्य बी एस रामकुमार ने बताया कि पहले दिन पूर्व अध्यापकों का सम्मान, पूर्व विद्यार्थियों का मिलन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। दूसरे दिन काव्यगोष्ठी में विद्यालय से पास आउट रचनाकार और नगर के प्रतिष्ठित साहित्यकार सहभाग करेंगे। अंतिम दिन नाटक, लोकनृत्य,लोकल बैंड और म्यूजिकल बैंड कार्यक्रम के साथ उत्सव का समापन होगा।

## दूर दराज से आने वाले लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड



विकासखंड बकावंड मुख्यालय में महिला बाल विकास कार्यालय स्थित है। जहां विभिन्न ग्राम पंचायत से सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं विभाग के कर्मचारी शासकीय कार्य से आते हैं। लेकिन अधिकारी कार्यालय से अक्सर नदारद रहते हैं। जिससे शासकीय कार्य प्रभावित हो रहा है । विभिन्न ग्राम पंचायत से आए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया कि महिला बाल विकास अधिकारी अभिलाषा यादव से संपर्क नहीं होने से जरूरी काम नहीं हो पाता है।

## एशिया की सबसे बड़ी मंडी में उपज की आवक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



दीपावली पर्व 25 दिन बाद भी बस्तर संभाग की 11 मंडियों में उपज की आवक नहीं होने के चलते व्यापारियों ने उपज की खरीदी-बिक्री के लिए मुहूर्त नहीं किया गया, इससे व्यापारी परेशान हैं। मंडी व्यापारियों के अनुसार दीपावली के एक सप्ताह में खरीदी के लिए मंडी में मुहूर्त किया जाता है, पर इस पर नहीं हो सका। यहां तक कि एशिया की सबसे बड़ी इमली मंडी यानि कृषि उपज मंडी जगदलपुर में भी अब तक उपज की आवक नहीं। वहीं दूसरी ओर उप मंडियों में साप्ताहिक बाजार में छोटे-छोटे संग्राहक अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए पहुंच रहे हैं, जिसमें पुराना धान एवं मक्का आदि बेच रहे हैं।

***उपज की आवक से होगी मुहूर्त***

बस्तर संभाग मंडी बोर्ड के प्रभारी संयुक्त संचालक ने बताया कि उपजों की आवक होने पर मंडी के व्यापारी खरीदी-बिक्री के लिए मुहूर्त करेंगे।

## वनपाल अनिल ने बढ़ाया वन विभाग का मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय स्पर्धा में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए सामाजिक वानिकी वन मण्डल जगदलपुर के वनपाल अनिल कुमार नेताम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वेटलिफ्टिंग के 71 किलोग्राम भार वर्ग में उन्होंने 177 किलोग्राम वजन सफलतापूर्वक उठाकर स्वर्ण पदक तथा कांस्य पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित बस्तर जिला एवं वन विभाग का गौरव बढ़ाया हैं।

## स्लरी पाइपलाइन विवाद पर झुका प्रशासन, वार्डवासियों की मांग हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

बचेली नगरपालिका क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्र 8-9 में स्लरी पाइपलाइन का मुद्दा गर्माया हुआ था। वार्डवासियों के विवादों के बीच प्रशासन ने बुलडोज़र नीति अपनाते हुए 4 परिवारों के घरों को तोड़ा तो

■ विस्थापितों को वार्ड क्र 10 में जमीन के बदले जमीन देने राजी हुआ जिला प्रशासन

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य तुलिका कर्मा ने मोर्चा संभाला और अनुविभागीय अधिकारी के इस रवैये पर उन्हें दो टूक जवाब दिया कि अगर मांग अनुचित कार्यवाही नही की गई तो वें धरने पर बैठ जाएंगी,जिस पर सहमति बनी की आज प्रातः वार्ड में ही सभी प्रभावित परिवार एवं जनप्रतिनिधियों के सामने उचित फैसला लिया जाएगा ।



गौरतलब है कि 11 नवंबर को वार्ड क्रमांक 8 में स्लरी पाइपलाइन के दायरे में आने वाले 4 मकानों को प्रशासन ने अतिक्रमण करार देते हुए ध्वस्त कर दिया था, जिनमें 9 मकान रिजर्व फॉरेस्ट क्षेत्र में है और 4 नजूल भूमि पर बने थे। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में तनाव और असंतोष का माहौल बन गया था। वार्ड पार्षद अप्पू कुंजाम और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तथा सदस्य तूलिका कर्मा के नेतृत्व में वार्डवासियों ने इस एक तरफा कार्रवाई का विरोध करते हुए पुनर्वास और उचित मुआवजे की मांग उठाई। संयुक्त पहल के बाद आज 14 नवंबर को वार्ड क्रमांक 9 में प्रशासन की उपस्थिति में वार्ड सभा का आयोजन संपन्न हुआ। तुलिका कर्मा एवं पार्षद अप्पू कुंजाम के पहल से वार्ड सभा में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विवेक चंद्र ने 8 और 9 वार्ड क्रमांक के प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद किया। सभा में रहवासियों की प्रमुख मांगें सामने आईं, विस्थापित परिवारों के लिए पुनर्वास हेतु भूमि का आवंटन। प्रत्येक प्रभावित परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा, टेली डैम क्षेत्र में प्रभावित 9 परिवारों को भी पुनर्वास और 10 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए सभा में नगर पालिका उपाध्यक्ष सतीश प्रेम चंदानी,वन विभाग अधिकारी आशुतोष मांडवा,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पूजा साव, नगरपालिका अधिकारी पीटी एम.राव वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद संजीव साव, मनोज साहा तथा कांग्रेस पार्षदगण उपस्थित रहे।

तूलिका कर्मा ने सभा के दौरान कहा कि गरीब एवं मूलनिवासी परिवारों के अधिकारों की रक्षा सर्वोपरि है। बिना उचित पुनर्वास के किसी भी प्रकार की कार्रवाई मानवता और नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने एनएमडीसी, वन विभाग और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों से इस मामले में न्यायसंगत निर्णय लेने की अपील की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और वार्ड पार्षद अप्पू कुंजाम की मुख्य भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### कर्मचारियों का शासकीयकरण कर उन्हें नियमित किया जाए



**बकावंड।** कांग्रेस के युवा नेता गिरजाशंकर पाढ़ी ने कहा है कि सुशासन तभी है जब मुख्यमंत्री प्रदेश में नियमितीकरण की बात जो कह रहे कर्मचारियों का शासकीयकरण कर उन्हें नियमित करें। उन्होंने कहा कि धान खरीदी और सहकारी समिति के काम वैकल्पिक व्यवस्था के तहत नहीं चल सकते। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी ऑपरेटरों और सहकारी समिति के कर्मचारियों की हड़ताल जारी है, जिससे धान खरीदी प्रक्रिया बाधित हो रही है। राज्य सरकार ने इस हड़ताल को अवैध घोषित कर दिया है और अब अन्य विभागों के कर्मचारियों को धान खरीदी के काम में तैनात कर रही है। इन कर्मचारियों की मुख्य मांगें बेहतर वेतन, नियमितीकरण और सेवा संबंधी अन्य सुविधाएं हैं, जिसमें मध्य प्रदेश की तरह प्रबंधकीय अनुदान भी शामिल है।

### महावीर दीक्षा कल्याणक को संयम दिवस के रूप में मनाया

**गीदम।** भगवान महावीर स्वामी का दीक्षा कल्याणक महोत्सव आचार्य 1008 रामलाल मसा की प्रेरणा से ओसवाल जैन संघ द्वारा कार्तिक बदी दशम को ओसवाल भवन गीदम में संयम दिवस के रूप में मनाया गया। महोत्सव की शुरुवात समाजजन द्वारा सामूहिक नवकार महामंत्र जाप के साथ हुई ,उसके बाद भगवान की प्रार्थना, कैसे आप निकले घर छोड़कर महावीर का गान हुआ, प्रभु के दीक्षा संकल्प से लेकर केवलज्ञान प्राप्ति तक का वर्णन संघ के वरिष्ठ श्रावक धनराज लोढ़ा द्वारा किया गया । एक एक सामायिक व्रत की आराधना के साथ वीर माता पिता का परिचय कराया गया अंतिम में तप, त्याग, मंगलपाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर जैन संघ के श्रावक, श्राविकाए, समता महिला, बहु मंडल समता युवा संघ के सदस्य उपस्थित थे।

### 8 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित के परिजनों को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अर्न्तगत नदी में डुबने से मृत्यु के प्रकरण में मृतक हनमैया चिडेम के निकटतम वारिस उनकी पत्नी चिडेम चिनक्का निवासी ग्राम करकावाया तहसील भोपालपटनम। मृतक जव्वा सत्यम के निकटतम वारिस उनकी पत्नी जव्वा चन्द्रक्का निवासी ग्राम कोनागुड़ा तहसील भोपालपटनम दोनो के परिजनों को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

# मुख्यधारा में लौटे नक्सली जेल में मिले अपने परिजनों से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

आंखों में आंसू लेकर अपने परिजनों के मिलने का इंतजार करते पुर्नवासित

- **आंखों में आसूं लिए परिजनों को दिया संदेश माओवाद और हिंसा की राह छोड़ लौटें मुख्यधारा में**

नक्सली युवा सभी के चेहरे पर अपने परिजनों से सालों बाद मिलने की खुशी भी साथ में दिखाई दे रही थी। ये नजारा शुक्रवार को बीजापुर जेल परिसर में देखने को मिला। जहां छत्तीसगढ़ शासन की अत्यंत संवेदनशील एवं मानवीय पहल के तहत बीजापुर जेल परिसर में एक विशेष मुलाक़ात कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम ने वर्षों से नक्सलवादी विचारधारा के कारण भटके एवं बिखरे परिवारों को एक बार फिर जोड़ने का मार्ग प्रशस्त किया। यह मुलाक़ात केवल चेहरे मिलने की नहीं थी, यह टूटे विश्वासों को जोड़ने, दिलों पर जमा बोझ को हल्का करने और मुख्यधारा की ओर बढ़ने के नए संकल्पों की मुलाक़ात थी। पुनर्वासित माओवादी कैडर्स के संतू वेक्को, मारो वेक्को, रामलाल वेक्को, संतोष कुंजाम, बदरू ओयाम, मासा तामो, लखन ओयाम, लक्ष्मण ताती, मैनु आरकी, राजेश वेट्टी एवं कुमारी आरकी ने अपने उन परिजनों से मुलाक़ात की, जो वर्तमान में नक्सल प्रकरण में बीजापुर जेल में निरुद्ध हैं। जेल में निरुद्ध अर्जुन वेक्को, मनी ओयाम, भीमसेन ओयाम, भीमा मुचाकी, सायको माड़वी, सोमारू मड़कम, बुधरू आरकी और शंकर कोरसा ने अपने परिजनों से मिलकर अपने आंसू नहीं रोक सके।

जब वर्षों बाद भाई ने भाई को गले लगाया, भाभी ने आँखों में आँसू लिए सिर पर हाथ फेरा, चाचा ने अपने भतीजों को पहचाना तो जेल का कठोर वातावरण भी परिवार की इस गर्माहट से पिघल उठा।

कई क्षण ऐसे थे जब शब्द नहीं बोले गए, पर आँखों की नमी ने सब कह दिया। सभी ने अपने निरूद्ध परिजनों से कहा कि अब तो हमारे नेता भूपति ने भी अब सभी को हथियार छोड़ने की अपील की है और खुद भी हथियार छोड़ दिए है। अब बस बहुत हुआ, माओवाद छोड़ कर तुम भी हिंसा का रास्ता छोड़ मुख्यधारा में शामिल हो जाओ।

पुनर्वासित कैडर्स ने अपने परिवारजनों को स्नेह और आत्मीयता के साथ समझाया हम बदले, तो ज़िंदगी बदली तुम भी हथियार छोड़ो, घर चलो, समाज तुम्हें वापस अपनाने को तैयार है। यह अपील केवल परामर्श नहीं था बल्कि यह जीवन के अनुभवों से निकली पुकार थी, जिसने जेल में बैठे बंदियों को भी भीतर तक छू लिया।

छत्तीसगढ़ शासन की यह पहल केवल एक मुलाक़ात तक सीमित नहीं, बल्कि माओवादी विचारधारा में भटके युवाओं का भावनात्मक पुनर्वास कर उन्हें सशक्त करना है। परिवारिक संबंधों को जोड़कर समाज में समरसता और अपनत्व बढ़ाना है।

## धान खरीदी महापर्व का शुभारंभ

# धान बेचने आए किसानों का आत्मीय स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप जिले में आज से धान खरीदी के महापर्व का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिले के 30 उपार्जन केंद्रों में खरीदी प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम नैमेड़ के धान खरीदी केंद्र में आयोजित किया गया, जहाँ सम्माननीय अतिथियों की उपस्थिति में खरीदी की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, जिला पंचायत सदस्य मैथ्यूज

- **इस वर्ष 18,978 किसानों ने पंजीयन कराया है**

कुजूर, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, कलेक्टर संबित मिश्रा, एसडीएम जागेश्वर कौशल, जिला खाद्य अधिकारी दिलीप उइके सहित विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी, कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने सभी किसानों से जल्द टोकन कटवाने तथा समय पर धान लाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप किसानों का धान सुगमता से खरीदा जाएगा और भुगतान भी समय पर सुनिश्चित होगा। जिले में धान खरीदी को सरल और पारदर्शी बनाने तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी खाद्य अधिकारी दिलीप उइके ने बताया कि पिछले वर्ष 20,643 पंजीकृत किसानों में से 87.36 प्रतिशत अर्थात 18,033 किसानों ने 11,07,888 क्विंटल धान बेचा था, जिसके बदले में 275 करोड़ 51 लाख रुपये से अधिक का भुगतान किया गया था।

इस वर्ष 18,978 किसानों ने पंजीयन कराया है, जिनका कुल रकबा 40,528.42 हेक्टेयर है। 24 समितियों और 30 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से आज से खरीदी प्रारंभ हो चुकी है। सभी उपार्जन केंद्रों में माइक्रो एटीएम, टोकन तुहर दुआर सुविधा तथा सतर्क एप के माध्यम से सतत निगरानी की व्यवस्था उपलब्ध है। जिला प्रशासन ने प्रत्येक केंद्र के लिए नोडल, प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति तथा चेक पोस्ट पर निगरानी को भी मजबूत किया है।

### 20 क्विंटल धान से सदावीर ने की बोहनी

शुभारंभ कार्यक्रम में नैमेड़ निवासी किसान सदावीर सलाम 20 क्विंटल धान लेकर पहुंचे और खरीदी की बोहनी की। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर ने उन्हें फूल-माला पहनाकर, पुष्प गुच्छ भेंट कर तथा तिलक लगाकर सम्मानित किया।

# डीएवी में बाल दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

लौह नगरी में डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल किरंदुल में आज विद्यालय प्रांगण में बाल दिवस समारोह बड़े ही उत्साह और सौहार्द वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य एसके श्रीवास्तव एवं शिक्षकों के द्वारा पंडित नेहरू जी के तैलीय चित्र में माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के साथ हुआ।

विद्यार्थियों के द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू की जीवनी एवं उनके उपलब्धियों पर विशेष प्रकाश डाला गया। समारोह के दौरान विद्यालय में नर्सरी से कक्षा पांचवी के बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने मनपसंद वेशभूषा में मंच पर आकर अपनी प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया एवं तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी ।

उक्त समारोह में आनंद मेला का आयोजन किया गया था जिसमें कक्षा 9 वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के पौष्टिक खान-पान की विशेष व्यवस्था की गई थी। बच्चों ने पूरे दिन का उत्सव भरपूर आनंद के साथ मनाया और वातावरण हर्षोल्लास से भर उठा। प्राचार्य जी ने बच्चों को शुभकामनाएं दी एवं विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया इस समारोह के सफल आयोजन के लिए शिक्षकगण, अभिभावकों और विद्यार्थियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# ग्रामीणों को एक ही स्थान पर मिलेगी जरूरी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत बुधपदर के ग्राम जपोड़ी गुमरगुंडा में मां वंगे डोकरी आयो शिक्षण एवं जनकल्याण समिति दंतेवाडा के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विशुद्धानंद सरस्वती तथा ग्राम पंचायत के सरपंच घासी राम कश्यप के द्वारा किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राजेश कश्यप, सचिव उमेश कश्यप, समिति के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं ग्राम के वरिष्ठजन उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना एवं स्थानीय परंपराओं के अनुसार कार्यालय स्थापना की विधि पूर्ण की गई। इस दौरान समिति के अध्यक्ष राजेश कश्यप ने सोसाइटी के प्राथमिक उद्देश्य की जानकारी देते कहा कि शिक्षा का प्रसार, स्वास्थ्य जागरूकता, ग्रामीण विकास, युवा एवं महिला सशक्तिकरण, दिव्यांग कल्याण, जनजातीय संस्कृति का संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, वन संवर्धन तथा समाज के वंचित तबकों के उत्थान हेतु विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा है कि कार्यालय के प्रारंभ होने से समिति की गतिविधियों में और अधिक सुगमता आएगी तथा ग्रामीणों को एक ही स्थान पर आवश्यक सेवाएं एवं जानकारी प्राप्त होगी। अध्यक्ष राजेश कश्यप ने समिति के आगामी समय में किए जाने वाले कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा है कि क्षेत्र के ग्रामीण एवं वयस्क शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता, नशामुक्ति अभियान, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण, जनजातीय परंपरा एवं संस्कृति संरक्षण, महिला एवं बाल कल्याण, कृषि एवं आजीविका संवर्धन, कौशल विकास प्रशिक्षण को और अधिक विस्तार एवं गति देगी। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि ग्राम जपोड़ी में कार्यालय खुलने से सामाजिक एवं जनहित के कार्यों को नई दिशा मिलेगी और अधिक से अधिक ग्रामीणों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सकेगा। अंत में सभी ग्रामवासियों तथा अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# कन्या शिक्षा परिसर में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड



शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में आज 14 नवंबर को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया । छात्राओ को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया, छात्राओं के सर्वांगीण विकास ,उच्च शिक्षा, अच्छे जीवन जीने के सपने को पूरा करने हेतु प्राचार्य ए आर नोन्हारे एवं समस्त स्टाफ द्वारा संबोधित करते हुए बहुत-बहुत शुभकामनाएं प्रेषित किया गया। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल के प्राचार्य ए आर नोन्हारे एवं समस्त शिक्षक स्टाफ तथा कार्यालय स्टाफ द्वारा समस्त छात्राओ को न्योता भोज करवाया गया ।छात्राओं ने इस अवसर पर कार्यक्रमों में विविध प्रकार के आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम,एवं खेलकुद प्रतियोगिता में हर्षोल्लास के साथ भाग लेते हुवे अपनी अपनी सहभागिता प्रस्तुत किये। जिसमें जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग की सभी छात्राएं सम्मिलित रहे।

## बस्तर ओलंपिक जिला स्तरीय प्रतियोगिता का समापन

# विधायक और जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों का बढ़ाया मनोबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



बस्तर ओलंपिक के जिला स्तरीय दो दिवसीय आयोजन का 14 नवंबर को भव्य समापन हुआ। जिले के चारों ब्लॉकों से आए 1200 से अधिक खिलाड़ियों ने वॉलीबॉल, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, तीरंदाजी, दौड़, लंबी कूद और रस्साकसी जैसी खेल विधाओं में शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने जिला प्रशासन की उत्तम व्यवस्था की सराहना भी की।

समापन समारोह में क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मंडावी, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकी कोरसा नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता सोम पुजारी सहित जिला एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और जिले में खेल प्रतिभाओं की प्रगति की सराहना की।

कलेक्टर संबित मिश्रा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने चयनित न हो सके खिलाड़ियों को निराश न होते हुए और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

विधायक विक्रम शाह मंडावी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकी कोरसा ने खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना के साथ खेलने की प्रेरणा दी और कहा कि बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन युवाओं को अवसर और मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के अंत में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल, जिला खेल अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल, जिला प्रशासन के अधिकारी व अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जनजातीय गौरव दिवस पर हुए कई कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति नई दिल्ली एवं आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास नवा रायपुर के निर्देशानुसार जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में एकलव्य आवासीय विद्यालय गीदम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुई। इसके पश्चात बच्चों द्वारा विभिन्न पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिन्हें देखकर सभी उपस्थित जन मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम में बिरसा मुंडा के जीवन और आदिवासी पारंपरिक व्यंजन, आदिवासी संसाधन, रंगोली, चित्रकला और पोस्टर का प्रदर्शन किया गया। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जन्म, जन्म स्थली, उनके परिवार, गांव, अंग्रेजों से संघर्ष और मृत्यु तक के जीवन काल को प्रदर्शित किया गया।

### जनजातीय वर्ग के स्वतंत्रता सेनानियों की दी जानकारी

शिक्षकों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के अलावा जनजातीय वर्ग के स्वतंत्रता सेनानी जैसे शहीद वीर नारायण सिंह, गेंद सिंह, हनुमान सिंह, गुण्डाधुर के साथ ही बस्तर अंचल के अन्य जनजातीय महापुरुषों के उत्कृष्ट कार्यों की संक्षिप्त जानकारी दी गई। इनसे सीख लेकर आदिवासी समाज के उत्थान के लिए विद्यालय के छात्रों को प्रेरणा दी गई। विद्यालय जिनके नाम से संचालित हो रहा है, ऐसे एकलव्य की जीवनी के बारे में भी जानकारी दी गई। बच्चों को एकलव्य की जीवनी पढ़ने और सीखने की बात कही गई। बच्चों द्वारा की गई पेंटिंग और चित्रकारी की प्रशंसा करते हुए विद्यालय के प्राचार्य ने शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास तथा खेल-कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ शैक्षणिक सत्र में बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी और बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भगवान बिरसा मुंडा और अन्य जनजातीय महापुरुषों को नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# 5 दिवसीय योग विज्ञान शिविर आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में पांच दिवसीय इंटीग्रेटेड योग विज्ञान शिविर का आयोजन 16 नवम्बर से 20 नवम्बर तक किया जा रहा है। शिविर प्रतिदिन प्रातः 5:30 से 7:30 बजे तक सरस्वती शिशु मंदिर, उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण गीदम में आयोजित होगा। आयोजन समिति की बैठक में रजनीश सुराना अध्यक्ष नगर पंचायत गीदम, विजय प्रसाद तिवारी, व्यापारी संघ के अध्यक्ष सुजीत सिंह, गंगाधर गुप्ता, जय प्रकाश सिंह चौहान, भरत कौशल, कृष्ण चन्द्र अवस्थी, अतुल सिंह एवं अन्य नगरवासी उपस्थित रहे।

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से आ रहे स्वामी रामदेव के शिष्य नरेंद्र देव द्वारा योगाभ्यास करवाया जाएगा। समिति ने बताया कि आधुनिक जीवन की भागदौड़ में लोग योग से दूर होकर विभिन्न रोगों से ग्रसित हो रहे हैं। पतंजलि योग समिति द्वारा आयोजित यह शिविर स्वस्थ जीवन, मानसिक शांति और आयुर्वेदिक उपचार की दिशा में एक बड़ा प्रयास है। शिविर में योग द्वारा सर्दी, साइनस, अस्थमा, डायबिटीज, हृदय रोग, मोटापा, जोड़ों के दर्द, कब्ज़ एवं तनाव जैसी समस्याओं के समाधान हेतु योगाभ्यास कराया जाएगा। समिति ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे स्वास्थ्य, ऊर्जा और संतुलित जीवन के लिए इस योग शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित यह शिविर, स्वामी रामदेव महाराज एवं आचार्य बालकृष्ण के प्रेरणास्त्रोत विचारों पर आधारित रहेगा।

# विद्यालय में जनजाति गौरव दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



ग्राम पंचायत बड़े चकवा के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी, हिंदी माध्यम विद्यालय बड़े चकवा में आज इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र जगदलपुर द्वारा जनजाति गौरव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी समाज के महान संघर्ष, उनकी विरासत, कृषि परंपराओं और गौरवशाली इतिहास के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की शुरुआत कृषि विज्ञान केंद्र जगदलपुर के कीट वैज्ञानिक डॉ. धर्मपाल केरकट्टा के उद्बोधन से हुई। उन्होंने जनजाति गौरव दिवस के उद्देश्य, महत्व और आदिवासी समुदाय के देश के विकास में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हजारों वर्षों से जनजातीय समाज प्रकृति-संरक्षण, पारंपरिक कृषि, जैव विविधता और आत्मनिर्भर जीवन शैली का संदेश देता आया है। डॉ. केरकट्टा ने आधुनिक कृषि तकनीकों और प्राकृतिक खेती के महत्व पर भी छात्रों और किसानों का मार्गदर्शन किया। इसके बाद ग्राम पंचायत बड़े चकवा के सरपंच जनक कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि जनजातीय समाज स्वयं को गर्व से गौरव जनजाति कहता है, क्योंकि उनका इतिहास संघर्ष, बलिदान और स्वाभिमान से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि आज जनजाति गौरव दिवस हमें अपनी जड़ों, परंपराओं और सामुदायिक संस्कृति को संरक्षित करने की प्रेरणा देता है। उपसरपंच पूरन सिंह कश्यप ने अपने उद्बोधन में आदिवासी क्रांतिकारी इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि केवल झारखंड ही नहीं, बल्कि बस्तर की धरती भी वीरता और संघर्ष की गवाह रही है। उन्होंने वर्ष 1876 के मुरिया आंदोलन और 1910 के भूमकाल विद्रोह का उल्लेख करते हुए कहा कि बस्तर के वीरों ने अंग्रेजी शासन और शोषण के खिलाफ अदम्य साहस के साथ संघर्ष किया।

# नेशनल लोक अदालत की तैयारी शुरू, लंबित मामलों के त्वरित निपटारे पर जोर

## 14 को हुई बैठक में कोण्डागांव–नारायणपुर जिले के अधिकारी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

14 नवम्बर को जिला मुख्यालय कोण्डागांव में वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत 13 दिसम्बर की तैयारी के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण किरण चतुर्वेदी ने की। बैठक न्यायाधीश महोदया के विश्राम कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कोण्डागांव व नारायणपुर जिले के प्रमुख अधिकारी शामिल रहे कलेक्टर कोण्डागांव नुपूर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव पंकज चंद्रा, अतिरिक्त कलेक्टर नारायणपुर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नारायणपुर सुशील नायक, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव रेशमा बैरागी पटेल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर प्रतिभा मरकाम सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गायत्री साथ सभी अधिकारियों ने आगामी लोक अदालत के सुचारू संचालन पर विस्तृत चर्चा की।

### लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर जोर

बैठक में अदालतों में लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के लिए रणनीति बनाई गई। न्यायाधीश महोदया ने कहा कि नेशनल लोक अदालत न्याय तक सरल, सुलभ और त्वरित पहुंच का प्रभावी मंच है, जहाँ पक्षकार आपसी सहमति से विवादों का समाधान कर सकते हैं।



### राजस्व मामलों को अधिक संख्या में रखने के निर्देश

न्यायाधीश महोदया ने कलेक्टर कोण्डागांव और अतिरिक्त कलेक्टर नारायणपुर को निर्देशित किया कि राजस्व संबंधी मामलों को अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत में प्रस्तुत किया जाए तथा लोक अदालत के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक सहयोग सुनिश्चित किया जाए। पुलिस विभाग को लंबित चालान व अन्य प्रकरण प्रस्तुत करने निर्देश बैठक में पुलिस विभाग को भी निर्देशित किया गया कि लंबित चालान प्रकरण, मोटरयान दुर्घटना दावा प्रकरण वसूली एवं अन्य संबंधित मामले को प्राथमिकता से लोक अदालत में रखा जाए, ताकि अधिकतम मामलों का निस्तारण हो सके।

### अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक भी संपन्न

बैठक के दौरान अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। इसमें लंबे समय से न्यायिक हिरासत में रह रहे आरोपियों जमानत योग्य मामलों अनुशंसित बंदियों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही सजायाफ्ता बंदियों की स्थिति पर भी चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप



### मुस्लिम समाज का निःशुल्क एसआईआर निवारण शिविर

**कोण्डागांव।** मुस्लिम समाज कोंडागाँव द्वारा आज स्थानीय स्तर पर एसआईआर निवारण शिविर का व्यापक आयोजन किया गया। यह शिविर समाज के सभी स्थानीय नागरिकों के लिए एक सप्ताह तक निःशुल्क जारी रहेगा। समाज के अध्यक्ष सैयद शफीक ने आज इसकी विस्तृत जानकारी दी। अध्यक्ष सैयद शफीक ने बताया कि बड़ी संख्या में लोग एसआईआर से जुड़ी प्रक्रियाओं, नियमों और दस्तावेजी औपचारिकताओं को लेकर भ्रम व कठिनाई का सामना कर रहे थे। इसी आवश्यकता को देखते हुए यह शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में विशेषज्ञों, समाजसेवी कार्यकर्ताओं और प्रशासनिक मार्गदर्शकों ने उपस्थित रहकर दस्तावेज़ों की प्रारंभिक जाँच, सुधार के लिए सुझाव आवेदन प्रक्रिया की जानकारी आगे की कार्यवाही के चरण जैसी महत्वपूर्ण सेवाएँ निःशुल्क प्रदान कीं।शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुँचे और इस पहल को अत्यंत उपयोगी एवं समयानुकूल बताया। लाभार्थियों ने कहा कि इससे उन्हें सही दिशा और स्पष्ट जानकारी मिली है। अध्यक्ष सैयद शफीक ने कहा कि मुस्लिम समाज हमेशा जनहित और सामुदायिक कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। उन्होंने शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि आवश्यकता पड़ने पर समाज आगे भी इस प्रकार के मार्गदर्शन शिविर आयोजित करता रहेगा।

### धान खरीदी हुआ शुभारंभ किसानों में उत्साह

**फरसगांव।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ शनिवार को फरसगांव क्षेत्र के 12 केन्द्र जिसमे फरसगांव, बोरगांव, फूपगांव, भंडारसिवनी, जुगानीकलार, लंजोड़ा, आलोर, बड़ेडोंगर, उरंदाबेड़ा, कोनगुड, देवगांव, बड़ेओड़ागांव के केंद्र में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। खरीदी कार्य शुरू होते ही किसानों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सभी केन्द्र मे शुभारंभ क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। लेकिन पहले दिन 12 केन्द्र से मात्रा फूपगाँव के धान खरीदी केंद्र में बोहनी हो पाई। जहाँ एक टोकन के हिसाब से ग्राम शंकरपुर के किसान सरिता नाग से 22 क्विंटल धान खरीदी की गई । फूपगांव के धान खरीदी केंद्र में शुभारंभ के दौरान जनपद अध्यक्ष मानकु नेताम, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे , एसडीएम अश्वन कुमार पूसाम, तहसीलदार जयकुमार नाग, भाजपा मंडल महामंत्री प्रवीण राव सहित स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, पटवारी , आरईओ लकेश सेठीया, सचिव अंबिका पटेल सहित किसान मौजूद रहे। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि, शासन के निर्देशों के अनुरूप खरीदी कार्य पूरी पारदर्शिता एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया जाएगा। खरीदी केदो में में किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएँ- जैसे तौल-कांटा, बोरों की उपलब्धता, गुणवत्ता जांच, टोकन वितरण और साफ-सफाई पहले से ही सुनिश्चित की गई हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि, खरीदी केंद्रों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

## नेहरू जयंती पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत

# हायर सेकंडरी स्कूल हरवेल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरवेल में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर बाल दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नेहरू के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। विद्यार्थियों ने लगाया आकर्षक बाल मेला विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा बाल मेले का आयोजन किया गया। मेला में चिला, गुलाब जामुन, मूंग बड़ा, आलू भजिया और केक सहित कुल चार इंस्टॉल लगाए गए। बच्चों ने स्वयं स्टॉल संचालित कर व्यंजन विक्रय किए।

मुख्य अतिथि संस्था प्राचार्य एस. आर. सूर्यवंशी अध्यक्ष आर. एस. नाग वरिष्ठ व्याख्याता विशेष अतिथि छात्र संघ के सदस्य ऋतु मरकाम शाला नायक, रीमा मरकाम शाला सचिव, राधा मरकाम सांस्कृतिक प्रभारी, साधना मंडावी अनुशासन प्रभारी, धारती नेताम खेल प्रभारी, नवीना मंडावी सफाई प्रभारी सुग्रीव नेताम खोया–पाया प्रभारी आदि उपस्थित रहे। मकड़ी दौड़ पुरुष मनीष प्रथम, जागेश, यशवंत, जीतू महिला रीमा, गंगा, नवीना, रीना कुर्सी दौड़ पुरुष निरंजन प्रथम, सुग्रीव द्वितीय, महिला सतोंनतीन प्रथम, निधि द्वितीय, जलेबी दौड़ पुरुष मनीष प्रथम, रिंकू द्वितीय महिला जागृति प्रथम, योगिता द्वितीय मटकी फोड़ पुरुष राम प्रथम महिला रीना प्रथम।

ये रहे उपस्थितः इस अवसर पर प्राचार्य शंभूराम सूर्यवंशी, जयराम मरकाम, रामसाय नाग, भागबती भेड़िया, दयाबाई नेताम, गजेन्द्र गंगबेर, पुनेशकुमार वर्मा, गुलशन मरकाम, लोकेश्वर बारले, अजय देशमुख, राकेश आंचला सहित समस्त शिक्षक–शिक्षिकाएँ एवं छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे।





### पुरस्कार वितरण और सम्मान

प्रथम विजेताओं को गोल्ड मेडल और कॉपी, द्वितीय विजेताओं को सिल्वर मेडल और पेन प्रदान किए गए। सभी विद्यार्थियों का फूल और गुलाल से स्वागत किया गया। बच्चों ने भाषण, नृत्य और अन्य गतिविधियों से कार्यक्रम में रंग भर दिए। भाषण अभिषेक प्रथम पुरस्कार नृत्य संथिला मरकाम, यशोदा प्रथम पुरस्कार, साधना और भारती।

## बड़े बेंद्री विद्यालय ने फिर रचा इतिहास राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में हैट्रिक जीत



**कोण्डागांव।** राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला 2025–26 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बड़े बेंद्री ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर हैट्रिक जीत दर्ज की है। इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि जिले भर में खुशी की लहर दौड़ा दी। विद्यालय की प्रतिभावान छात्र गीतांजलि कोराम ने प्लास्टिक प्रबंधन एवं प्लास्टिक के विकल्प श्रेणी में अपने नवाचारी मॉडल और प्रस्तुति के जरिए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग पर प्रभावी समाधान प्रस्तुत करते हुए प्राकृतिक और पर्यावरण–अनुकूल विकल्पों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया। जजों ने उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण और शोध कार्य की विशेष सराहना की।

- गीतांजलि कोराम ने प्लास्टिक प्रबंधन श्रेणी में किया कमाल, हासिल किया प्रथम स्थान

### स्वास्थ्य एवं स्वच्छता श्रेणी में जिज्ञासा मानिकपुरी अव्वल

इसी प्रदर्शनी के दूसरे प्रमुख वर्ग स्वास्थ्य एवं स्वच्छता श्रेणी में विद्यालय की ही छात्र जिज्ञासा मानिकपुरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके मॉडल में स्वच्छता जागरूकता, ग्रामीण क्षेत्रें में स्वास्थ्य सुधार तथा कचरा प्रबंधन आधारित तकनीकों का प्रभावी प्रदर्शन किया गया। उनकी प्रस्तुति को व्यावहारिक एवं जनहितकारी बताया गया।

### लगातार तीसरी जीत विद्यालय में उल्लास का माहौल

इस वर्ष की उपलब्धि विशेष इसलिए है क्योंकि विद्यालय ने लगातार तीसरी बार राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त कर हैट्रिक बनाई है। जशपुर में आयोजित इस मेले में छात्रें के प्रदर्शन ने बड़े बेंद्री को एक बार फिर शीर्ष स्थान पर स्थापित कर दिया। विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों एवं छात्रें ने इन सफलताओं पर अपार खुशी व्यक्त की और दोनों छात्रओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने इसे मेहनत, नियमित मार्गदर्शन और नवाचार–आधारित शिक्षा का परिणाम बताया।

## बाल दिवस पर पीएम श्री सेजेस फरसगांव में सजा एफएलएन मेला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

पीएम श्री सेजेस फरसगांव में बाल दिवस के अवसर पर एफएलएन मेला का आयोजन बाल दिवस के दिन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर छात्रा शताक्षी के द्वारा वंदे मातरम की मधुर प्रस्तुति के साथ किया गया। एफएलएन मेला में कक्षा तीसरी से पांचवी के बच्चों के द्वारा भाषा विज्ञान एवं गणित विषय पर आधारित अलग अलग स्टाल लगाकर मॉडल का प्रदर्शन किया। हायर सेकंडरी स्तर पर भी बच्चों ने मॉडलों का प्रदर्शन किया, जिसमें व्यवसायिक शिक्षा, हेल्थकेयर एवं मीडिया एंटरटेनमेंट पर बनाए गए मॉडल बहुत ही आकर्षक रहा। कला के छात्रों ने भारत की ऐतिहासिक विरासत पर कृषि के छात्रों ने आदर्श कृषि फार्म सौर ऊर्जा के सुंदर मॉडल बनाए थे इसके साथ ही जनजाति गौरव दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत बच्चों ने जनजाति संस्कृति का पारंपरिक वेश भूषा में नृत्य नाटिका के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी। विद्यालय के प्राचार्य महावीर जायसवाल ने बताया कि आज के एफएलएन मेला के आयोजन का मुख्य उद्देश्य करके सीखो मॉडल की प्रस्तुति कर क्रिएटिविटी को प्रोत्साहित करना था। ये रहे उपस्थितः इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, एसएमडीसी अध्यक्ष प्रवीर बदेशा, दीपेंद्र मसीह, मंशाराम मरकाम, प्रमीण राव, पार्षद सुमन जायसवाल, संगीता राव, विनोद पांडे, नरेंद्र गौर, भुनेश्वर पांडे एवं पालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम के शिक्षक कोमलराम जैन, उषा सिंह, शिवकुमार साहू, रामाधार, सुशीला नेताम, पंकज राव, अंजनी यादव, कांची चंदेल, त्रिमाला सिन्हा, ऋतु मिश्रा, सुमिका सिंह, रामप्रसाद नेताम, रमेश निर्मलकर, गौरव योगेंद्र, जीवन नेताम, दिनेश मरकाम का अभूतपूर्व सहयोग रहा।



# बेकाबू स्कार्पियो टकराई पेड़ से 4 युवक घायल, एक गंभीर





हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

थाना क्षेत्र अंतर्गत गट्टीपलना रोड में चोन्गीभर्री मोड के पास शुक्रवार की रात करीब 8:30 बजे तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 04 एनजे 7425 रोड किनारे स्तिथ आम पेड़ से टकरा गई। वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि स्कॉर्पियो के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

इस हादसे में ग्राम चांदागांव के चार युवक अशोक मरकाम पिता सुकमन मरकाम उम्र 18 वर्ष, लोकेश मरकाम पिता लैखु राम मरकाम उम्र 17 वर्ष, देवलाल नेताम पिता फगनु राम उम्र 19 और दीपक मरकाम पिता पिलसाय उम्र 20 वर्ष घायल हो गए। आस पास उपस्थित लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल भिजवाया गया। इस हादसे में गाड़ी के सामने सीट मे बैठे अशोक मरकाम और देवलाल नेताम को चेहरे पर गंभीर चोट आई, वही बीच सीट में बैठे लोकेश और दीपक को मामूली चोटें आई है। अशोक मरकाम को होश नही आने पर उसे बेहतर उपचार हेतु रात को ही जिला अस्पताल रेफर किया गया। घायलो ने बताया की वह सभी फरसगांव निजी काम से आये थे, और फरसगांव से अपने घर चाँदागांव जा रहे थे तभी यह हादसा हो गया. हादसे के वक्त स्कॉर्पियो वाहन को अशोक मरकाम चला रहा था।

- गट्टीपलना रोड के चोन्गीभर्री मोड़ के पास हुआ हादसा, वाहन के आगे का हिस्सा चकनाचूर

### नाबालिग धड़ल्ले से चला रहे हैं वाहन, अधिकारी बेपरवाह

*थाना क्षेत्र के विभिन्न सड़कों पर नाबालिग धड़ल्ले से वाहनों को चला रहे हैं। स्टेयरिंग पर बैठते ही वाहन को तेज रफ्तार से चलाना शुरू कर देते हैं। उन्हें ना तो यातायात नियमों की कोई जानकारी है और ना ही वाहनों को सही तरीके से चलाना जानते हैं। यातायात नियमों को ताक पर रखकर सड़कों पर वाहन चलाते नजर आते हैं। इसके अलावा नाबालिग युवक दो पहिया वाहन को लहरिया कट में लहराते हुए अक्सर दिखते हैं। जिसके कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होते रहती है।*

### लगातार हो रही हैं दुर्घटनाएं

*थाना क्षेत्र अंतर्गत कई दुर्घटनाये हो चुकी है जिसमें नाबालिग बालको की मौत हो चुकी है तो कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हो चुके हैं.जिससे दुर्घटना का शिकार होकर लोग काल के गाल में समा रहे हैं। इन चालकों के पास ना तो ड्राइविंग लाइसेंस है ना ही किसी ट्रेनिंग स्कूल से प्रशिक्षण ले रखा है। सुरक्षा को दरकिनार करना नौसीखिए चालकों द्वारा लोगों की जान के साथ खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। यह तक के कई स्कूली बच्चे तो मोटर सायकल लेकर स्कूल जा रहे हैं. लेकिन दिशा में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है. नाबालिग चालकों पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।*

## बाइक व पिकअप की भिड़ंत, बाइक सवार का पैर टूटा, जिला अस्पताल रेफर



**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 मांझीआठगांव के पास शुक्रवार की शाम बाइक और पिकअप की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार ग्राम धनोरा निवासी विजय नाग पिता स्वः रामचंद्र नाग का पैर टूट गया। जिसका फरसगांव के अस्पताल में प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया। बताया जा रहा है की घटना के बाद पिकअप वाहन मौके से फरार हो गया। घायल के परिजनों ने बताया कि घायल विजय नाग शोक कार्यक्रम में शामिल होने सातगांव गया हुआ था और शाम को सातगांव से बाइक में सवार होकर अपने घर धनोरा वापस आ रहा था तभी मांझीआठगांव के पास यह हादसा हो गया। फिलहाल फरसगांव थाना पुलिस दुर्घटना के कारण की जांच कर रही है।

# विधायक लता उसेंडी ने मुलमुला में किया धान खरीदी कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

कोण्डागांव जिले के मुलमुला धान खरीदी केन्द्र में आज विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेण्डी ने विधिवत पूजा–अर्चना कर धान खरीदी कार्य का शुभारंभ किया। मौके पर किसानों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया तथा शाल–श्रीफल भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर नूपूर राशि पन्ना भी उपस्थित रहीं। शुभारंभ अवसर पर विधायक सुश्री उसेण्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हो गया है और खरीदी केंद्रों में पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इसी उद्देश्य से किसान निधि योजना समेत कई कल्याणकारी योजनाएँ संचालित हैं, जिनका अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील उन्होंने किसानों से की। प्रदेश के सभी जिलों में धान खरीदी कार्य आज से शुरू हुआ। कोण्डागांव जिले के 67 उपार्जन केंद्रों में भी खरीदी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला प्रशासन ने शासन निर्देशानुसार सभी तैयारियों को पूर्ण कर लिया है। शासन द्वारा ऑनलाइन टोकन प्रणाली लागू की गई है, जिसके तहत किसान अपने घर बैठे ही टोकन तुंहर हाथ मोबाइल एप के माध्यम से टोकन कटवा सकते हैं। इससे खरीदी केन्द्रों में भीड़ कम होगी और प्रक्रिया और अधिक सुचारू होगी।

- पूजा–अर्चना के साथ खरीफ विपणन वर्ष 2025 की खरीदी प्रक्रिया शुरू



### जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, जनपद सदस्य लालमती देवांगन, जीतु सुराना, विभिन्न गांवों के सरपंच, एसडीएम अजय उरांव, तहसीलदार मनोज रावटे, खाद्य अधिकारी नवीन चंद्र श्रीवास्तव, सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं खरीदी केन्द्र के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एनसीसी मैदान में भव्य आयोजन, विधायक लता उसेण्डी रहीं मुख्य अतिथि

# बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर लोक कला महोत्सव, आदिवासी संस्कृति की दिखी अनूठी झलक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

कोंडागांव में जिला प्रशासन और आदिवासी विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति लोक कला महोत्सव का भव्य आयोजन स्थानीय एनसीसी मैदान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी शामिल हुईं।

- लोकनृत्य–नाट्य प्रस्तुति ने मोहा मन, जनजातीय गौरव दिवस पर एकता का संदेश

विधायक उसेण्डी ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा सिर्फ स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के आत्मसम्मान और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। उनके आंदोलन, विचार और संघर्ष आज भी युवाओं को प्रेरित करते हैं। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि आदिवासी संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है।





### जनजातीय विकास के लिए सरकार की कई योजनाएं जारी

लता उसेण्डी ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पहली बार जनजातीय समाज की प्रगति के लिए जनजातीय कार्य मंत्रलय की स्थापना की थी। आज केंद्र और राज्य सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए व्यापक योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जनजातीय ग्रामों के सर्वांगीण विकास की विशेष कार्ययोजना बनाई जा रही है।

### अतिथियों ने आदिवासी संस्कृति को सुदृढ़ बनाने पर दिया जोर

कार्यक्रम में पूर्व विधायक सेवक राम नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल और अन्य अतिथियों ने जनजातीय गौरव दिवस को सामुदायिक एकता और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने का अवसर बताया। लोकनृत्य, नाट्य प्रदर्शन और पारंपरिक कला ने मोहा मन मंच पर जनपद पंचायतों से आए जनजातीय लोकनृत्य दलों ने अपनी पारंपरिक नृत्य–कला प्रस्तुत की, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर भावपूर्ण नाट्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त, बड़ी संख्या में जनजातीय समुदाय और स्कूली छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।


